छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जुलाई-अगस्त 2017 ▪ वर्ष-13





## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं



EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जुलाई-अगस्त 2017

## संरक्षक



**श्री शिवराज सिंह**
अध्यक्ष




**श्री सुबोध सिंह**
प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग कंपनी)



**श्री अंकित आनंद**
प्रबंध निदेशक (वित. कंपनी)



**श्रीमती तृप्ति सिन्हा**
प्रबंध निदेशक (पारेषण कंपनी)



**श्री शशिभूषण अग्रवाल**
प्रबंध निदेशक (उत्पा. कंपनी)

संपादक : संकल्प
**विजय मिश्रा**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कं.मर्या.
डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com

सहयोग
**जाबिर मोहम्मद कुरैशी**

छायाकार
**संजय टेम्बे**

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | अगस्त 2017 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3286 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 2064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 96 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 11534 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1014 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 19208 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 140452 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 99061 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 172341 कि.मी. |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | --- | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17108 | 19307 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 87.43 | 98.67 |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 29849 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 391198 |
| एकलबती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1534311 |



# स्वतंत्र भारत ने धरातल से अंतरिक्ष तक उन्नति की ऊंचाईयों को छूआ : श्री सिंह



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के महान सपूतों को नमन करते हुए उपस्थिजनों को बधाई और शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 15 अगस्त 1947 से 15 अगस्त 2017 तक का हमारा सफर हमें गौरवान्वित करता है। स्वतंत्र भारत ने धरातल से लेकर अंतरिक्ष तक उन्नति की अनगनित ऊँचाईयों को छूआ है। आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक अनिवार्य इनपुट है। यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ के विकास में इस अनिवार्य इनपुट के माध्यम से हमने सहयोग दिये हैं। छत्तीसगढ़ की बिजली के बूते देश और प्रदेश में हो रहे विकास की चर्चा सम्पूर्ण देश में हो रही है।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार हमारे पावर प्लांट्स का पी.एल.एफ. 73 प्रतिशत दर्ज हुआ, जो कि देशभर के स्टेट सेक्टर के पावर प्लांट के औसत पी.एल.एफ. 59.1 की तुलना में अधिक है। इसके लिए जनरेशन कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई।

बिजली की पर्याप्त उपलब्धता का लाभ सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को मिल सके इसके लिए पारेषण प्रणाली की सुदृढ़ता आवश्यक है। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा बस्तर, सरगुजा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों सहित ट्रांसमिशन सिस्टम का बड़ा विस्तार किया जा रहा है।

विगत एक वर्ष के दौरान ट्रांसमिशन के क्षेत्र में किये गये कार्यों से ट्रांसमिशन लॉस 2.89 प्रतिशत से घटकर 2.75 प्रतिशत हो गया है। साथ ही ट्रांसमिशन अवेलिब्लिटी फेक्टर 99 प्रतिशत रहा। यह ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों की उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण है।

वर्तमान में प्रदेश में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की सेवाओं का लाभ विभिन्न श्रेणी के 47 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रहा है। प्रदेश में तेज गति से गुणवत्तापूर्ण सप्लाई करने हेतु पॉच वर्षीय केपिटल इन्वेंसमेंट प्लान बनाया गया है। शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली देने के लिए नये उपकेन्द्रों, लाईनों एवं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मरों की व्यापक स्थापना की गई है।

प्रदेश में ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री एलईडी लैम्प वितरण योजना प्रारंभ की गई है। इसके अन्तर्गत डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को सस्ते दरों पर एलईडी लैम्प, पॅखे, ट्यूबलाईट का वितरण किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 85 लाख से अधिक एलईडी लैम्प का वितरण किया जा चुका है। यह अत्यन्त सराहनीय उपलब्धि है।

केन्द्रीय एवं राज्य शासन की नीति ''गॉव गॉव में बिजली पहुंचे, घर घर हो ऊजाला'' की है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा इसका क्रियान्वयन बड़ी तेजी से किया जा रहा है। दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत ऐसे अनेक सुदूर ग्रामीण अंचलों में बिजली पहुंचाई गई, जहॉ कि परिवहन-संचार सुविधा का सर्वथा अभाव था, फलस्वरूप प्रदेश के 98.64 प्रतिशत गॉवों तक बिजली पहुंचाने में बड़ी कामयाबी मिली है। इसके लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की टीम को हार्दिक बधाई।

पॉवर कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों के हित में होल्डिंग कपंनी ने अनेक कदम उठाये है। बीते एक वर्ष के दौरान 210 कर्मियों को पदोन्नति, 283 कर्मियों को उच्च वेतनमान् एवं 284 नई भर्तियॉ की गई।

उन्होंने समारोह में पुरस्कृत अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी तथा उत्कृष्ट कार्य अनवरत् करने की अपेक्षा समस्त कर्मियों से की। राज्य सरकार एवं उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर कार्य करते रहने का आव्हान कर उन्होंने अपने उद्बोधन को समाप्त किया।

समारोह में प्रबंध निदेशक सर्वश्री सुबोध सिह, अंकित आनंद, एस.बी.अग्रवाल, श्रीमती तृप्ति सिन्हा, डायरेक्टर सर्वश्री एच.आर. नरवरे, ओ.सी.कपिला, मुख्य सुरक्षा सलाहकार श्री एस.के. पासवान, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री राजेश व्यास सहित समारोह के संयोजक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री देवाशीष नंदी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने तथा आभार प्रदर्शन अतिरिक्त महाप्रबंधक श्रीमती भारती पेंढारकर ने किया।





## सुरक्षा विभाग द्वारा मार्चपास्ट एवं परेड की प्रस्तुति

स्वतंत्रता दिवस समारोह में पॉवर कंपनी के सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं सैनिकों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं परेड की प्रस्तुति की गई। मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजेश व्यास के निर्देशन में कुल 05 प्लाटून का नेतृत्व सुरक्षा अधिकारी श्री आर.के. साहू, सुरक्षा उपनिरीक्षक श्री पी.एस सिंह (परेड कंपाडर) तथा सर्वश्री सी.एल.साहू, मनीराम साहू, गुलशन, योगेश एवं बैण्ड मास्टर ताराचंद बेन ने किया। मनमोहक प्रस्तुति हेतु इन्हें मुख्य अतिथि श्री शिवराज सिंह ने पारितोषिक प्रदान कर शाबासी दी।






# सीटीआई गुढ़ियारी में रूफ टाप सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई) की छत पर 14 जुलाई को रूफ टाप सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना की गई। 100 केव्हीए क्षमता के सोलर पेनल का क्रियान्यवन छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के माध्यम से पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एम.डी. एवं क्रेडा के सी.ई.ओ. श्री अंकित आनंद के मार्गदर्शन में किया गया। लगभग 54 लाख रूपये की लागत से स्थापित इस सोलर पॉवर प्लांट के द्वारा प्रतिदिन करीब 400 यूनिट विद्युत का उत्पादन किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि रायपुर स्थित नियामक आयोग की बिल्डिंग में वर्ष 2010 में देश का पहला रूफ टाप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया गया था।

इस अवसर पर पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री प्रहलाद सिंह ने सीटीआई में स्थापित रूफ टाप सोलर पॉवर प्लांट को गैरपारम्परिक ऊर्जा के प्रोत्साहन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि निरूपित किया। इसी क्रम में केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी ने बिजली की बढ़ती हुई मांग को दृष्टिगत रखते हुए सौर ऊर्जा आधारित विभिन्न योजनाओं को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में क्रेडा के मुख्य अभियंता श्री संजीव जैन ने बताया कि सौर ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं के क्रियान्यवन में छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य के रूप में दर्ज हुआ है।

नवस्थापित रूफ टाप सोलर पॉवर प्लांट के संबंध में क्रेडा के कार्यपालन अभियंता श्री राजीव ज्ञानी ने बताया कि इस प्लांट में 316 सोलर पेनल यूनिट लगाये गये है जिसमें से प्रत्येक यूनिट की उत्पादन क्षमता 320 वॉट है। इनके द्वारा वर्ष भर में 1.46 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन किया जाना अनुमानित है। प्लांट की परिचालन अवधि करीब 25 वर्ष होगी। उन्होंने बड़े पैमाने पर बिजली की बचत की दृष्टि से सौर ऊर्जा को अत्यंत उपयोगी बताया। साथ ही विभिन्न संगठनों सहित आम उपभोक्ताओं के लिए सौर चलित उपकरणों/संयंत्रों को अनेक दृष्टि से फायदेमंद निरूपित किया। मंचासीन अतिथियों सहित मुख्य अभियंता श्री डी.के.भालेराव का स्वागत उच्चाधिकारी सर्वश्री जेआर पटेल, पीके खरे, एमए हसन, मधुलिका मिंज, रूफ टाप सोलर पॉवर प्लांट के निर्माता फोर्थ पार्टनर हैदराबाद के प्रतिनिधि ने किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।



# पॉवर कंपनी में सदभावना प्रतिज्ञा

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में सद्भावना दिवस पर विद्युत कर्मियों ने आपसी सद्भावना को बनाये रखने का संकल्प 18 अगस्त 17 को लिया। विद्युत सेवाभवन परिसर में पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रेडिंग एवं होल्डिंग कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों को सदभावना विषयक संकल्प दिलाया। उनके साथ प्रबंध निदेशक सर्वश्री एस.बी.अग्रवाल, अंकित आंनद, श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं विभिन्न पॉवर कंपनीज के अधिकारी-कर्मचारियों ने सद्भावना के संकल्प को दोहराया। उपस्थितजनों ने कि जाति, सम्प्रदाय, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना एकता और सदभावना को बनाये रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी, कल्याण अधिकारी श्री अतुल तिवारी ने सद्भावना दिवस पर संक्षेप में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के मतभेदों को आपसी बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाना सदभावना का श्रेष्ठतम सूचक है।

## मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत मुदियाल हुआ रोशन

बिजली विहीन क्षेत्रों में विद्युत पहुँचाने के लिये राज्य शासन द्वारा मुंख्यमंत्री मजराटोला योजना प्रारंभ की गई है। ऐसे ही विद्युत विहीन ग्रामों को चिन्हित कर उन्हें ऊर्जीकृत करने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगाव द्वारा वृहत स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। ऐसे प्रयासों का सुफल डोंगरगांव संभाग के मोहला वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मढ़ियानवाडवी के आश्रित ग्राम मुदियाल को प्राप्त हुआ। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि पहुँचविहीन इस ग्राम में लाईन विस्तार का कार्य बेहद् ही चुनौती पूर्ण था। वन क्षेत्र के बाधाओं को पार करते हुए इस कार्य को पूर्ण किया गया। इस सफलता के लिए कार्यपालन अभियंता श्री एस.कंवर, सहायक अभियंता श्री शारदा प्रसाद ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता श्री चिरंजीवी नायक एवं उनकी टीम को श्री पटेल ने बधाई दी है।



बिजली पहुँचने से उक्त बसाहट में उल्लास का महौल है। जिसे साकार करने में जुटे कार्यपालन अंभियंता श्री एस. कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत ग्राम मुदियाल में 980 मी 11 केव्ही लाईन, 550 मीटर निम्नदाब लाईन एवं 25 केव्हीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस ग्राम के 2 बीपीएल परिवार, 12 सामान्य परिवार को विद्युत कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है, इसके अतिरिक्त एक आंगनबाड़ी को भी विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है।




## कोरबा पूर्व में सदभावना दिवस

कोरबा पूर्व में सद्भावना दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा का आयोजन मुख्य अभियंता श्री आर.एस. ठाकुर एवं अति मुख्य अभियंता श्री एच.एन. कोसरिया की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कोरबा पूर्व के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अभियंता श्री आर.एस. ठाकुर ने सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा दिलाया तथा लोगों में आपसी सद्भावना बनाने की अपील की। कार्यक्रम में कोरबा पूर्व के अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन श्री एस.पी.बारले वरि.कल्याण अधिकारी ने किया ।

## नगरनार वितरण केन्द्र कार्यालय भवन का शुभारंभ

जगदलपुर क्षेत्र अंतर्गत नगरनार वितरण केन्द्र के नवनिर्मित कार्यालय भवन का शुभारंभ सेमरा में 11 जुलाई को कार्यपालक निदेशक श्री जे.एस.नेताम के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री नेताम ने कहा कि नगरनार वितरण केन्द्र कार्यालय सेमरा स्थित भवन खुल जाने से नगरनार क्षेत्र के 6000 उपभोक्ताओं को सहज विद्युत सुविधा प्राप्त होगी तथा आम नागरिकों की विद्युत संबंधी शिकायतों का निवारण भी त्वरित गति से हो सकेगा। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता सर्वश्री एम के सिन्हा, आर के ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री पी एन सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# श्री अजय दुबे बने पॉवर होल्डिंग कपनी के डायरेक्टर





छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर (कार्मिक एवं प्रशासनिक) पद पर श्री अजय दुबे की नियुक्ति की गई है, तद्नुसार उन्होंने 26 अगस्त 17 को पदभार ग्रहण किया। अब तक वे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रेडिंग कंपनी में कार्यपालक निदेशक (वित्त) के पद पर सेवारत थे श्री दुबे के डायरेक्टर बनने पर पॉवर कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संघ/संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। विदित हो कि 20 जनवरी 1963 को राजनांदगांव में जन्में श्री दुबे ने 1979 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रायपुर से हायर सेकण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत 1984 में बी.ई.(सिविल) की उपाधि तत्कालीन जी.सी.ई.टी.(वर्तमान एन.आई.टी.रायपुर) से प्राप्त की। आपने अपनी सेवायात्रा का शुभारंभ वर्ष 1985 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल जबलपुर में सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के पद से किया। आगे सेवायात्रा में अपनी विशेष कार्य दक्षता को प्रदर्शित करते हुए 1993 में वरिष्ठ लेखाधिकारी, 1998 में सहायक प्रमुख(वित्त), वर्ष 2005 में अतिरिक्त निदेशक, 2008 में निदेशक एवं 2010 में कार्यपालक निदेशक के पद पर आपको पदोन्नति प्राप्त हुई। आपने एम.डी.आई.गुडगांव से पी.जी.डी.एम. (फाइनेंस) किया है। वर्तमान में आई.आई.एम. रायपुर में फेलोशिप इन मैनेजमेंट में अध्ययनरत हैं। तकनीकी, वित्त क्षेत्रों के अलावा संगीत, साहित्य, खेलकूद जगत में आपकी विशेष रूचि हैं।

## पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक बने श्री देवाशीष नंदी

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के आदेशानुसार होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के पद पर श्री देवाशीष नंदी की पदस्थापना की गई। तदानुसार उन्होंने 08 अगस्त 17 को अपना पदभार ग्रहण किया। वे इसके पूर्व बिलासपुर क्षेत्र में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ थे। मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति उपरांत उन्हें मानव संसाधन विभाग रायपुर में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है। अब तक इस पद का कार्यभार अतिरिक्त महाप्रबंधक श्रीमती भारती पेंढारकर द्वारा निवर्हन किया जा रहा था।

कंपनी मुख्यालय में नवपदस्थ महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी ने पदभार ग्रहण उपरांत टीमवर्क के साथ राज्य शासन की रीति-नीति के अनुरूप कंपनी हित में कार्य करने की मंशा व्यक्त की। इस अवसर पर कंपनी के उच्चाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं विभिन्न श्रमिक संघों एवं संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी।

नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी का जन्म वर्ष 1956 को कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में हुआ। आपने बिलासपुर से वर्ष 1972 में हाईस्कूल तथा वर्ष 1978 में गवर्मेंट इंजीनियरिंग कालेज से बी.ई.(इलेक्ट्रिकल) की उपाधि प्राप्त की। शिक्षा की पूर्णता के उपरांत आपने अपनी सेवायात्रा का आरंभ मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में वर्ष 1979 से रीवा से किया। सेवायात्रा के दौरान अपनी कार्यदक्षता को प्रदर्शित करते हुए आप मुख्य अभियंता के शीर्ष पद पर पदोन्नत हुए। लगभग 38 वर्षों की सेवायात्रा को पूर्ण करते हुए आपने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है।



### निःस्वार्थ सेवा

**जिस प्रकार आकाश से गिरा हुआ जल किसी न किसी रास्ते से होकर समुद्र में पहुंच ही जाता है**
**उसी प्रकार निःस्वार्थ भाव से की गई किसी की सेवा और प्रार्थना किसी न किसी रास्ते से ईश्वर तक पहुंच ही जाती है।**

# राज्य ग्रिड समन्वय समिति की सातवीं बैठक सम्पन्न



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक के ग्रिड कोड के अनुपालन में राज्य ग्रिड समन्वय समिति की सातवीं बैठक 23 अगस्त 2017 को राज्य भार प्रेषण केन्द्र, पारेषण कंपनी मुख्यालय रायपुर में हुई। राज्य ग्रिड समन्वय समिति की अध्यक्ष एवं पारेषण कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। उन्होंने समस्त ग्रिड उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से ग्रिड परिचालन में एक दूसरे के परस्पर सहयोग का आव्हान किया साथ ही समयबद्ध विनियम संगत कार्य करने पर जोर दिया।

प्रत्येक छह माह में आयोजित उक्त बैठक में 24 प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित, मेसर्स भारतीय इस्पात प्राधिकरण, भिलाई स्टील प्लांट, मेसर्स जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, रायगढ़, मे. छ.रा.कैप्टिव विद्युत उत्पादक संघ से वर्तमान में मेसर्स मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड रायगढ एवं राज्य भार प्रेषण केन्द्र राज्य ग्रिड समन्वय समिति के विद्युत अनुज्ञप्तिधारी एवं संस्थायें मानद सदस्य हैं।

राज्य भार प्रेषण केन्द्र में कार्यरत सहायक अभियंताओं सुश्री विभा लकरा, सुश्री रेशमा सतपाल ने विगत छः माह के ग्रिड उपलब्धि एवं प्रदर्शन आंकड़ों को समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया । समिति ने बैठक की कार्यसूची के विषयों पर चर्चा की एवं निष्कर्षों पर समय में क्रियान्यवन करने पर सहमति दी। सदस्य सचिव एवं मुख्य अभियंता श्री बलराम सोनी द्वारा आभार प्रदर्शन एवं बैठक का संचालन श्री गिरीश गुप्ता कार्यपालन अभियंता द्वारा किया गया।

# डोंमसरा 132 के.व्ही. सब-स्टेशन में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव द्वारा कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखंड के डोंमसरा स्थित 132 के.व्ही. उच्चदाब उपकेंद्र में 40 एम.व्ही.ए. के एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया है। इस ट्रांसफॉर्मर के चालू हो जाने से संपूर्ण पंडरिया क्षेत्र एवं कवर्धा के अधिकांश क्षेत्रों के 33/11 के.व्ही. के उपकेन्द्रो एवं सभी 33 के.व्ही., 11 के.व्ही. फीडरों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कबीरधाम जिले के लो-वोल्टेज वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां के तकनीकी समस्याओं को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे इन क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो रही है। इस अवसर पर उन्होनें अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके, श्री पी.सी. पारधी, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री सुनील भुआर्य, के.के. यादव, आर.यू. विश्वकर्मा, सी.पी. गढ़ेवाल एवं सहायक अभियंता सर्वश्री विरेन्द्र कुमार, एम.आर. शेरके, अखिलेश गजपाल, प्रवीण शुक्ला, मनीष साहू एवं उनकी टीम को बधाई प्रेषित की है।

परिचयावली

# मुख्य अभियंता श्री रजनीकांत अवस्थी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के रायपुर क्षेत्र में पदस्थ मुख्य अभियंता श्री रजनीकांत अवस्थी का जन्म 16 जुलाई 1957 को बिलासपुर में हुआ। संस्कारवान परिवार में माता श्रीमती स्व0 कृष्णा देवी एवं पिता स्व0 श्री एस.पी.अवस्थी के आदर्शों से जीवन में अनवरत आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिली। आपने वर्ष 1974 में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर से हायर सेकण्डरी तथा वर्ष 1979 में शासकीय इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर से बी.ई. (इलेक्ट्रिकल) की उपाधि अर्जित की।

जीवन यात्रा पथ पर आगे बढ़ते हुये वर्ष 1979 में सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के रूप में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल जगदलपुर से आपने अपनी सेवायात्रा का शुभारंभ किया। आगे वर्ष 1980 में सहायक अभियंता के नियमित पद पर अम्बिकापुर में आपकी पदस्थापना हुई। इस पद पर आपने चांपा, हरदा, बिलासपुर में भी अपनी सेवायें दी। आगे वर्ष 1999 में आपको कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और आपकी पदस्थापना बिलासपुर में हुई। इस पद पर आपने पेण्ड्रा रोड़ एवं रायगढ़ में भी सफलतम सेवायें दी।

सेवायात्रा में आपकी कार्यकुशलता का प्रतिफल यथासमय आपको प्राप्त हुआ एवं वर्ष 2008 में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति उपरांत बिलासपुर में पदस्थापना हुई। आगे वर्ष 2013 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर आपको पदोन्नति प्राप्त हुई और आपकी पदस्थापना कार्यपालक निदेशक (वाणिज्य) कार्यालय रायपुर में की गई। आपकी कार्यकुशलता का आंकलन करते हुए पॉवर कंपनी द्वारा वर्ष 2017 में आपको मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत कर रायपुर क्षेत्र में पदस्थापना की गई।

आपने वर्ष 1984-85 में ग्रामीण विद्युतीकरण पर ग्रामीण विद्युतीकरण निगम हैदराबाद में डेढ़ माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। विद्युत विषयक कार्यों में अपनी दक्षता को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करते हुए आप मुख्य अभियंता के पद पर रायपुर क्षेत्र में अपनी सेवायें दे रहे हैं। बागवानी, छायाचित्र एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन में आपकी विशेष अभिरूचि है।





# कुरूद में प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

शून्य दुर्घटना के लक्ष्य पर केन्द्रित दो दिवसीय योग एवं कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचारण संधारण सम्भाग कुरूद में संपन्न हुआ। मुख्य अभियंता रायपुर क्षेत्र श्री आर.के.अवस्थी, उप महाप्रबंधक (औसं) श्री गोपाल खण्डेलवाल तथा केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद एस. धुर्वे द्वारा सुरक्षा, सजगता, सकारात्मक सोच, मोटिवेशन तथा तनाव से मुक्ति के गुर प्रोजेक्टर के माध्यम से सुगम तरीके से प्रशिक्षणार्थियों को सिखाया गया. प्रोजेक्टर संचालन में श्री प्रशांत गजभिये की भूमिका सराहनीय रही.


शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने कहा कि पॉवर कंपनी जैसे अति संवेदनशील संस्थान के कार्य का निष्पादन कर आम नागरिकों की सेवा हमारे द्वारा की जा रही है। ऐसे प्रशिक्षण से कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है. जीवन मूल्यवान है अतः जान जोखिम में डालकर असावधानीपूर्वक कार्य नहीं करना चाहिए. कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा ने कहा कि हमेशा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए जागरूक रहकर कार्य करना चाहिए.

20 एवं 21 जून 2017 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री दीनानाथ वर्मा ने विभिन्न जटिल आसनों का प्रदर्शन कर कर्मियों के मन को तनाव मुक्त रखने की जानकारी दी. शिविर में संचा/संधा संभाग कुरूद के कुरूद, मरौद, गाडाडीह, भखारा, कोर्रा, मगरलोड, भेण्ड्री एवं मोहंदी वितरण केन्द्रों के 35 अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए.



# समंक 2017 का विमोचन

स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रतिवर्षानुसार छत्तीसगढ़ पॉवर कम्पनीज की प्रगति-उपलब्धि पर केन्द्रित पुस्तिका समंक 2017 के हिन्दी-अंग्रेजी संस्करण का विमोचन किया गया। इसमें विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण तथा होल्डिंग कंपनी की गतिविधियों को ऑकड़ों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका समंक को विमोचन हेतु प्रबंधक डॉ. हेमन्त सचदेवा ने प्रस्तुत किया।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 'स्वतंत्रता दिवस' समारोह



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 'स्वतंत्रता दिवस' पर कार्यपालक निदेशक . श्री एम.एस.कंवर, ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अति.मुख्य अभियंता श्री बी.बी.पी.मोदी श्रीमती शकुंतला कंवर एवं श्रीमती सिन्धु मोदी सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। समारोह में प्रस्तुत परेड का नेतृत्व सुरक्षा अधिकारी श्री आर.के.चौरे ने किया। विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत व संगीतमय मधुर स्वरो में देशभक्ति गीत का गायन किया गया।

श्री कंवर ने विद्युत संयंत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में इकाई क्रमांक एक 95.50% एवं इकाई क्रमांक दो 86.34% का पी.एल.एफ रहा। संयंत्र ने न्यूनतम तेल खपत का कीर्तिमान दर्ज किया। इसमें और सुधार लाते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक उत्पादन करने में सभी की सहभागिता सराहनीय है। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व ने ब्यूरो ऑफ एनर्जी इफिशियेंशी के द्वारा निर्धारित परफार्म एचीन्ह एण्ड ट्रेड के (PAT) स्कीम के तहत् एनर्जी सेविंग सर्टिफिकेट अर्जित कर लगभग 5.18 करोड़ रूपये की बचत की है। उत्पादन कंपनी का यह एकमात्र संयंत्र है जिसने उक्त ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र अर्जित किया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। समारोह में श्री मोदी ने देश की एकता व अखण्डता को बनाये रखने का आह्वान किया।

आजादी के पर्व पर 52 अधिकारियों/कर्मचारियों सहित 56 ठेका कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। कल्याण अधिकारी श्री आर.एस.रात्रे, द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।




**Happy People - Better Business**

**उत्साह**

**उत्साह प्रयास का जनक है इसके बिना कभी कोई महान काम नहीं हो सकता। कोई मनुष्य हर उस क्षेत्र में सफल हो सकता है जिसके लिए उसमें असीम उत्साह हो। यदि आप विजेता बनना चाहते हैं तो निराशावादी नहीं उत्साही बनें। याद रखें गीली माचिस से आग नहीं जलाई जा सकती।**

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं छ.ग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के मध्य एम.ओ.यू. साईन हुआ




सोशल रिस्पान्सिबिलिटी के कार्यों की समुचित मॉनिटरिंग एवं आंकलन हेतु गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं छ.ग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, रायपुर के मध्य 23 अगस्त 2017 को एम.ओ.यू. निष्पादित किया गया।

उपरोक्त एम.ओ.यू. के अनुसार मड़वा परियोजना से प्रभावित गांवों एवं क्षेत्रों में आवश्यकता आधारित क्रियाकलापों का चिन्हांकन छ.ग. स्टेट पा.जन.कं. एवं गुरू घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा उनके सामाजिक कार्य विभाग के माध्यम से किया जाएगा ताकि जिला प्रशासन की सलाह के अनुसार भविष्य में किये जाने वाले कार्यो हेतु रूपरेखा तैयार की जा सके। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय उक्त कार्यो के लिए आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराएगी।

जांजगीर-चांपा में स्थापित की गई 2x500 मेगावाट क्षमता की मड़वा ताप विद्युत परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के अंतर्गत केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा अधिरोपित शर्तो में यह भी समाविष्ट है कि एक क्रेडिबल एक्सटर्नल एजेन्सी को कार्पोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी के कार्यो की समुचित मॉनिटरिंग एवं आंकलन हेतु नियुक्त किया जाएगा। इसके अनुपालन में केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के फैकल्टी 'सामाजिक कार्य विभाग' को यह दायित्व सौंपा गया। मड़वा परियोजना में सी.एस.आर. हेतु कार्यक्रम जिला प्रशासन की सलाह से सिविल परियोजना विभाग द्वारा या तो स्वयं किये जा रहे हैं अथवा जिला प्रशासन को सी.एस.आर. फण्ड से आवश्यक धनराशि प्रदान कर उनके माध्यम से कराये जा रहे हैं। ताकि उत्पादन कंपनी स्किल डेव्हलपमेंट हेतु स्थानीय रोजगार हेतु उपयुक्त युवा शक्ति का आंकलन कर सके तथा उनके स्वरोजगार हेतु आवश्यक कार्यक्रम बनाकर आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण इत्यादि बाबत् कार्यक्रम बनाया जा सके।

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय महिला सशक्तिकरण, स्व-सहायता समूहों का गठन बाबत् संस्थागत सहायता तथा बाल विकास, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों हेतु भी चलाये जाने वाले कार्यक्रमों बाबत् सलाह देगी जिसका क्रियान्वयन जिला प्रशासन के द्वारा शासन की विभिन्न परियोजनाओं के पालन के अंतर्गत किया जा सकेगा। उपरोक्त एम.ओ.यू. प्रबंध निदेशक, उत्पादन के अनुमोदन एवं दिशानिर्देशानुसार किया गया। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की उपकुलपति प्रोफेसर एंजिला गुप्ता एवं रजिस्ट्रार श्री बी.एन. तिवारी से एम.ओ.यू. हेतु उनकी सहमति प्राप्त की गई। उपकुलपति महोदया ने चर्चा के दौरान एम.ओ.यू. के अधीन किये जाने वाले कार्यो से विश्वविद्यालय के छात्रो को होने वाले अकादमिक लाभ बाबत् जानकारी दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं एम.ओ.यू. हेतु अनुमति प्रदान की। एम.ओ.यू. गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री बी.एन.तिवारी एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी श्री आर.के.श्रीवास, अधीक्षण यंत्री, कार्यालय कार्यपालक निदेशक (परि.उत्पा.-एक), छ.ग.स्टे.पा.ज.कं.लि., रायपुर के मध्य गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के कान्फ्रेन्स हॉल में किया गया। इस अवसर पर मड़वा परियोजना के कार्यकारी मुख्य अभियंता श्री पी.पी.मोडक भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने एवं गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष श्री विक्रम सिंह ने भी एम.ओ.यू. में बतौर मॉनिटरिंग इंचार्ज एवं विभाग प्रमुखों के रूप में हस्ताक्षर किये।

उक्त एम.ओ.यू. का क्रियान्वयन दोनो ही संस्थाओं के लिए तथा परियोजना के अंतर्गत सी.एस.आर. कार्यों की आवश्यकता एवं गुणवत्ता बाबत् अत्यंत लाभकारी रहेगा। वर्तमान में एम.ओ.यू. की अवधि 02 वर्ष की है जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है। 24 अगस्त 2017 को प्रबंध निदेशक, उत्पादन के कान्फ्रेन्स हॉल में हुई उत्पादन कंपनी के विभागाध्यक्षों की बैठक में प्रबंध निदेशक श्री एस.बी. अग्रवाल ने उक्त एम.ओ.यू. बाबत् सहर्ष घोषणा की तथा श्री श्रीवास एवं परियोजना कार्यालयों को बधाई दिया।



**परिंदे**

परिंदों को को तो रोज गिरे हुए दाने उठाने हैं, परेशान वो हैं जनके घरों में भरे हुए तहखाने हैं।

# पॉवर कंपनी के एसीई श्री सिन्हा सहित अन्य कर्मियों की विदाई

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पॉवर कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सिविल) श्री संतोष कुमार सिन्हा, सहित अन्य कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सेवानिवृतजनों ने अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय कंपनी को दिया । हर्ष की बात है कि कंपनी की अर्जित उपलब्धियों की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल ने की.

सेवानिवृत्त हो रहे अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सिविल) सर्वश्री संतोष कुमार सिन्हा रायपुर, अधीक्षण अभियंता श्री एसजी गर्दे, कार्यपालन अभियंता(सिविल) श्री पी.के.जैन सहित जयराम मेहर, रमेश सिंह ठाकुर, दीपक कुमार मिश्रा, समारूलाल मिलांगे, कन्हैया लाल राठौर एवं डीवी सूर्यप्रकाश राव ने सेवाकाल में अधिकारियों-कर्मचारियों से मिले सहायोग के लिए आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में प्रशासनिक अधिकारी ईरा पंत और सहायक विधि अधिकारी मंजू पटेल ने गीत की प्रस्तुति दी। मंच संचालन योगेश नैय्यर ने व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी केबीएल चौकसे ने किया।




# बिलासपुर क्षेत्र में कर्मियों की भावभीनी विदाई



बिलासपुर क्षेत्र से माह जुलाई एवं अगस्त 2017 में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। माह जुलाई में सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुरूदीवान, महेश श्रीवास, नूतन प्रसाद उपाध्याय, शिव कुमार कश्यप, हेमलाल साहू, गणेश दास महंत, द्वारिका प्रसाद यादव, बुधराम मन्नेवार, विजय कुमार वर्मा तथा माह अगस्त मे सर्वश्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, सुनील कुमार दुबे, अश्वनी कुमार कदम, ताहेर अली लक्ष्मी धर, नोहर लाल कौशिक, दुर्गेश्वर प्रसाद शर्मा सेवानिवृत्त हुए। कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने सेवा निवृत्तजनों को पावर कंपनी की तरफ से प्रतिकात्मक भेंट, धनादेश प्रदान कर उनके परिवार के स्वस्थ जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मियों ने विद्युत कंपनी से मिले सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वतंत्रता दिवस पर

# 22 विद्युत कर्मी पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज मुख्यालय रायपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में 22 विद्युत कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने पुरस्कृत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की बिजली के बूते देश प्रदेश में हो रहे विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है। ऐसी उत्कृष्ट कार्यशैली को भविष्य में विद्युत कर्मी प्रदर्शित करते रहेंगे। उत्कृष्ट कर्मियो के विशिष्ट कार्यों की जानकारी महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी ने दी।



पुरस्कृत कर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री नंदी ने बताया कि धमतरी के कनिष्ठ अभियंता श्री टी.पी.साहू को 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के ट्रांसफार्मर में लगी आग को बुझाकर 3.5 करोड़ रुपए की क्षति को बचाने, कांकेर के सहायक अभियंता श्री विनोद कुमार साहू एवं अनिल कुमार द्विवेदी को 400 के.व्ही. रायता-जगदलपुर लाईन को ऊर्जीकृत कराने, कोण्डागांव-नारायणपुर लाईन को पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति दिलाने, रायपुर के सहायक अभियंता श्री सुशील यदु को कोरबा पश्चिम विद्युत संयंत्रों के कलपुर्जों संबंधी कार्यों को ई-बीडिंग कर करीब एक करोड़ रुपए बचाने, कोरबा पूर्व के सहायक अभियंता श्री ए.बी. खण्डेलवाल को डीएसपीएम विद्युत गृह के कोल हस्तांतरण संयंत्र के आटो कोल सेम्पलिंग इकाई का सुधार कार्य करने, कोरबा पश्चिम के सुरक्षा उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश महिलांगे को कोरबा पश्चिम विस्तार परियोजना के बीएचईएल ओपन भण्डार क्षेत्र में लगी आग को बूझाने में योगदान देने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में मड़वा प्रोजेक्ट के सहायक अभियंता श्री राजकुमार वर्मा को राखड़ निष्पादन के गेहो पंप की तकनीकी खराबी में सुधार कर विद्युत इकाईयों से लगातार उत्पादन जारी रखने, राजनांदगांव के परिचारक श्रेणी-एक हलधर साहू को ग्रामीण उपसंभाग के विद्युत व्यवधानों को त्वरित सुधार करने, जगदलपुर को कार्यालय सहायक श्रेणी-एक श्री यू.के. अधिकारी को लाईन परिचारक एवं भृत्य संवर्ग की

## कोदवा एवं देवकर विद्युत उपकेंद्र में लगभग 01 करोड़ की लागत से दो पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



दुर्ग विद्युत क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बेमेतरा जिले के 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र कोदवा एवं देवकर में लगभग एक करोड़ की लागत से 3.15 एम.व्ही.ए. के दो अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर 22 अगस्त को ऊर्जीकृत किए गए। इन उपकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले 15 गांवों के उपभोक्ताओं को लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति के साथ ही किसानों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत सुविधा का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त कार्य को एस.टी.एन. योजना के अंतर्गत किया गया है। कार्यपालन अभियंता(प्रोजेक्ट) श्री पी.व्ही. सजीव ने बताया कि इन दो अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों के ऊर्जीकृत होने से 33/11 के.व्ही उपकेंद्र कोदवा के 06 ग्रामों यथा ग्राम महुआभाठा, मोहभट्टा, बोतका, मनियारी, चिखला एवं ग्राम कोदवा तथा 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र देवकर के अंतर्गत आने वाले 09 ग्रामों यथा ग्राम नवकेसा, सहसपुर, लालपुर, खुरुसबोड़, जामगांव, बचेड़ी, डेहरी, कुम्हीकुरां एवं ग्राम देवकर के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति की सुविधा प्राप्त होगी एवं इस अल्पवर्षा की स्थिति में किसानों को लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने इसे ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए उपलब्धि बताते हुए कार्यपालन अभियंता (प्रोजेक्ट) श्री पी.व्ही. सजीव एवं उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।



वरिष्ठता सूची तैयार करने, नारायणपुर के परिचारक श्रेणी-2 रविन्द्र कुमार निषाद को नक्सली प्रभावित बेनूर क्षेत्र के ग्रामों की विद्युत आपूर्ति एवं 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र-लाईन की देखरेख करने, कसडोल के लाईन सहायक श्रेणी-एक नंदकुमार सतनामी को अर्जुनी मुख्यालय के वनक्षेत्र स्थित ग्रामों में विद्युत आपूर्ति नियमित रखने-नये कनेक्शन प्रदान करने हेतु पुरस्कृत किया गया। उक्त सभी पुरस्कृतजनों को रूपये दो हजार, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इसी तरह केन्द्रीय कार्यालयों से पुरस्कार हेतु चयनित अधीक्षण अभियंता श्री मनोज कुमार खरे को मेसर्स एक्यूरेट ट्रांसफार्मर लिमिटेड दिल्ली के बीच पॉच वर्ष से लंबित महत्वपूर्ण आर्बिट्रेशन प्रकरण में कंपनी का पक्ष मजबूती से प्रस्तुत किया, फलस्वरूप कंपनी के पक्ष में निर्णय हुआ जिससे रूपये 6.5 करोड़ रुपए का लाभ हुआ। इसके अलावा वरिष्ठ शीघ्रलेखक आई.एन.द्विवेदी, सहायक अभियंता श्रीमती सिंधू लैजू वर्गीस, भृत्य श्रीमती एस.माधवी, भृत्य श्री मानिंद प्रसाद मिश्रा, सहायक प्रबंधक श्री गोपाल गोहिल, सहायक अभियंता श्री दीपक वर्मा को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन कर्मियों को अतिरिक्त कार्यालयीन कार्य निष्ठापूर्वक करने, ई-टेण्डरिंग निर्धारित समय पर कराने, शार्ट सर्किट से बचाने, वित्तीय लेखों को समय सीमा में पूर्ण करने, सीमित संसाधनों से कार्यों का संपादन करने हेतु पुरस्कृत किया गया है। इस अवसर पर पुरस्कृतजनों को प्रबंधनिदेशकों एवं उच्चाधिकारियों ने बधाई दी।

# पथरिया, ढाबां, सेलूद उपकेन्द्र में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक में स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) पथरिया एवं ढाबा तथा पाटन ब्लॉक के अंतर्गत स्थापित विद्युत उपकेंद्र सेलुद में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से 3.15 एम.व्ही.ए. के दो नग एवं 05 एम.व्ही.ए. के एक नग अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया है। जिससे लगभग 21 गांवों के उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने इस कार्य को ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया।

दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता(प्रोजेक्ट) श्री पी.व्ही. सजीव ने बताया कि इन अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों के ऊर्जीकृत होने से पथरिया उपकेंद्र के ग्राम नंदनी-खुदनी, पिथौरा, देवरझाल, पोटिया एवं मेड़ेसरा तथा ढाबा उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढाबा, सांकरा, मुर्रा, लिमतरा, कन्डरका, चेटुवा, सुरजडीह, छरहा ग्राम एवं सेलुद उपकेंद्र के तहत सेलुद, चुनकट्टा, ढौर, अचानकपुर, गोडपेण्ड्री, मानिकचौरी, बोहारडीह एवं ग्राम छांटा के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।



# क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी में स्वतंत्रता दिवस समारोह

क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अभियंता श्री आर.के. अवस्थी ने ध्वजारोहण कर हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित एवं जागरूक रहते हुए पॉवर कम्पनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करें। आपसी सामंजस्य से हम कामयाब होंगे। श्री अवस्थी ने स्वतंत्रता दिवस पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मियों सर्वश्री विजयनंद साहू , अत्तर अली, रमेश कुमार सिन्हा, रामप्रकाश साहू, के. जयप्रकाश, श्रीमती छोटी बाई डाहरे को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर 158वां तकनीकी प्रशिक्षण में श्री अर्जुन लाल वर्मा, 159वां तकनीकी प्रशिक्षण में श्री राजेन्द्र कुमार कुर्रे तथा श्री तरूण कुमार जांगड़े को 160वां तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिये पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद, पी.के. खरे, अधीक्षण अभियंता एस.सी. श्रीवास्तव, सहित अधिकारी/कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों के प्रति अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पी.के. खरे ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया।

# क्षेत्रीय मुख्यालय बिलासपुर में स्वतंत्रता दिवस




स्वतंत्रता दिवस पर कार्यपालक निदेशक बिलासपुर क्षेत्र श्री कैलाश नारनवरे द्वारा ध्वजारोहण कर बधाई-मंगल कामना प्रेषित की गई। उन्होने देश के महान सपूतों का स्मरण करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को बनाए रखने का आव्हान किया।

इस अवसर पर श्री नारनवरे ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों सर्वश्री संजय किशोर मिश्रा, मंगल सिंह बिंझवार, तथा तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 3 कर्मचारियों श्री छत्रपाल सिंह राठौर, अशोक कुमार साहू एवं अजय कुमार राठौर को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित गया। इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति कविता का वाचन किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री के.के. भगत, अधीक्षण अभियंता श्री जी.पी.सोनवानी, श्री ए.के.श्रीवास्तव, श्री पी.के.कश्यप, श्री जान मोहम्मद, श्री एस.के.तिवारी, कार्यपालन अभियंता श्री सी.बी.एस.राठौर एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजनांदगावं क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा ध्वजारोहण कर देश के वीर शहीदो को नमन किया गया। उन्होने कहा कि राजनांदगांव क्षेत्र में विद्युत विकास कार्यो में अभूतपूर्व तेजी परिलक्षित हुई है। बिजली सबके लिए के लक्ष्य के अनुरूप ठोस कार्ययोजना बनाकर कंपनी द्वारा इस दिशा में कार्य किये जा रहें है। ऐसे कार्यों को अपनी विशिष्ट कार्यशैली से साकार करने वाले कर्मी बधाई के पात्र हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्री आकाश श्रीवास्तव, श्रीमति उषा साहू, श्री योगेश कुमार लिल्हारे, श्री खिलेश्वर कुमार ठाकुर , श्री अंनत राम ठाकुर, एवं श्री तेजलाल लिल्हारे को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर श्री पटेल ने सम्मानित किया । कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री अविनाश सोनेकर आर.एन.याहके एवं श्री बी.पी. गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। समारोह का संचालन कल्याण अधिकारी श्री ए.के. पिल्लई ने किया।



# पॉवर कंपनी की ए.जी.एम. श्रीमती पेंढारकर सहित अन्य कर्मियों की विदाई




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त हुए दस अधिकारियों-कर्मचारियों को कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के उपरांत सेवानिवृत्त हुई अतिरिक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती भारती पेंढारकर एवं पारेषण कंपनी के नौ अधिकारियों-कर्मचारियों को विदाई समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं पॉवर होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री अजय दुबे, महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री राजेश व्यास ने प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सेवानिवृत्तजनों के सुखमय जीवन की कामना की। उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री राजेश वर्मा को अतिरिक्त महाप्रबंधक का प्रभार दिया गया है।



इस अवसर पर पारेषण कंपनी से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंता श्री नवीन कुमार परमार, कार्यपालन अभियंता श्री एसआर शर्मा, सेक्शन आफिसर श्री आरसी जैन, परीक्षण सहायक श्री शिवकुमार वर्मा, श्री पीके चक्रवर्ती, श्री चैनदास, श्री उमेद राम, श्री नारायण और श्री ए. वल्लैया को भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्तजनों ने सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों से मिले सहयोग को अपनी सफल कार्यकाल का आधार बताया।

विदाई समारोह में एमडी श्रीमती सिन्हा ने पारेषण कंपनी की सफलता एवं उपलब्धियों का प्रमुख आधार सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यदक्षता को निरूपित किया। इसी तरह डायरेक्टर श्री अजय दुबे ने मानव संसाधन को परिभाषित करते हुए किसी भी संस्था के लिए इसे महत्वपूर्ण घटक निरूपित किया। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होतीए अतः आजीवन कार्यकुशलता को बढ़ाने सतत् प्रयत्नशील रहना सफलता के उत्कृष्ट प्राप्ति के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा एवं योगेश नैयर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पारेषण एवं होल्डिंग कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# **दुर्ग क्षेत्र में** विद्युत कर्मियों की भावभीनी विदाई



दुर्ग क्षेत्र से माह जुलाई एवं अगस्त में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों सर्वश्री जनार्दन क्षत्री, यू.वी.एल.प्रसाद, बृज लाल कंवर, अभय राम यादव, तुलसीराम चन्द्राकर, वेद राम साहू, एन.सी.राव, किशन लाल यादव, एके गुहा, मेहतरु राम पटेल को भावभीनी विदाई दी गई। इन्हें कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

आगे श्री कंवर ने सेवानिवृत्तजनों की सेवाओं को बहुमूल्य निरुपित कर उनके सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, श्री विकास गुप्ता, श्री ए.के.गुहा एवं श्री एस.आर. बांधे सहित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा तथा संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर ने किया।

## आदर्शिनी महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती रेखा शिवराज सिंह द्वारा पौधरोपण



छत्तीसगढ़ स्टेट ट्रांसमिशन कंपनी के 400 के.व्ही. सबस्टेशन रायता परिसर में 21 अगस्त को आदर्शिनी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती रेखा शिवराज सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण किया गया। इसमें प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा सहित महिला मण्डल के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दी। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने पर्यावरण की महत्ता को व्यक्त करते हुए पौधरोपण की आवश्यकता सहित पेड़-पौधों की नियमित देखभाल को मानवीय हित में आवश्यक निरूपित किया। इसी क्रम में प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने पौधरोपण में आदर्शिनी महिला मंडल के सदस्यों की भागीदारी को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अत्यन्त सराहनीय बताया एवं आभार व्यक्त किया।

## जगदलपुर में पौधरोपण कार्यक्रम

पौधरोपण अभियान के तहत 20 जुलाई का क्षेत्रीय कार्यालय परिसर जगदलपुर में बड़ी संख्या में फलदार पौधों का रोपण अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण करते कार्यपालक निदेशक श्री जे.एस. नेताम एवं अधीक्षण अभियंता श्री एम.के. सिन्हा।

## प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व ने मनाया हरियाली-तीज उत्सव




प्रेरणा महिला मंडल सीनियर क्लब छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित कोरबा पूर्व द्वारा ''हरियाली तीज''-उत्सव 2017 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शकुन्तला कंवर, श्रीमती निवेदिता बंजारा, श्रीमती अलका सिंह ठाकुर एवं उपाध्यक्षा श्रीमती श्रावणी विश्वास श्रीमती हंसा सेलेट, एवं श्रीमती सिंधु मोदी, श्रीमती शशी कोसरिया के मार्गदर्शन तथा सचिव श्रीमती सोनिया बघेल, कोषाध्यक्ष श्रीमती गीता शुक्ला एवं कार्यकारणी की सदस्याओं श्रीमती अलका मानिक, अनिता टिकरिहा उर्मिला चौहान एवं प्राची नामदेव के द्वारा सक्रिय भागीदारी दी गई।

प्रेरणा महिला मंडल के सदस्यों ने हरियाली तीज पर्व एवं सावन उत्सव के परम्परागत कजरी, छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी, गुजराती, बंगाली, पंजाबी एवं मलयालम आदि वेशभूषा में रेम्प वॉक के साथ फैशन शो किया। हरियाली तीज के अवसर पर हरियाली क्वीन स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती प्रिया सिंह हरियाली क्वीन, श्रीमती शांती पटेल फस्ट रनर अप व श्रीमती अनामिका गुप्ता सेकेंड रनर अप चुनी गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्रीमती सोनिया बघेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव श्रीमती प्राची नामदेव ने किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संकल्प महिला मंडल कोरबा पश्चिम से आये श्रीमती वासुमती नाडिग, श्रीमती शुभ्रा गोवर्धन, श्रीमती अंजलि वर्मा, श्रीमती स्वाति रेगे एवं आकृति महिला मंडल मड़वा के श्रीमती मोडक की गरिमामय आतिथ्य में हरियाली तीज उत्सव के मनमोहक श्रृंगार रस से ओत-प्रोत अनेक मनोरंजक नृत्य तथा गीत प्रस्तुत किये गये।



## माना एवं उरला उपकेन्द्र परिसर में एमडी श्रीमती सिन्हा के नेतृत्व में पौधरोपण

प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा के नेतृत्व में पॉवर कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने माना एवं उरला उपकेन्द्र परिसर में पौधारोपण किया। 17 जुलाई एवं 02 अगस्त को संपन्न हुए उक्त कार्यक्रमों में अलग-अलग प्रजाति के पौधे रोपे गये। इस अवसर पर उपस्थित प्रकृति प्रेमियों को संबोधित करते हुए श्रीमती सिन्हा ने कहा कि सृष्टि की पालनहार धरती मांता की सुरक्षा सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण की अवहेलता महासंकट को आमंत्रित करने जैसा कृत्य है, इसलिए अधिकाधिक पौधरोपण कर धरा को हरा बनायें।

श्रीमती सिन्हा के साथ ही इस पुनीत कार्य में सेवानिवृत महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा पाण्डेय, अतिरिक्त महाप्रबंधक श्रीमती भारती पेंढ़ारकर, श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य, श्रीमती उज्जवला बघेल, सविता श्रीवास्तव, रश्मि वर्मा, चंद्रकला गिडवानी, संध्या ओझा, सविता सचदेवा, श्रीमती अलका बोरकर, सुषमा सिंह, रीता गुप्ता, तथा सर्वश्री डब्ल्यू आर वानखेड़े, पी के गुप्ता, ओपी सिंह, आर के शुक्ला, वीके विश्वकर्मा, एस एन व्यास, एस के शर्मा, एन के बोरकर, राजेश सिंह, उमाकांत यादव, सत्येंद्र लोन्हारे, और उपकेन्द्र के अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन योगेश नैयर ने किया।



# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में पौधरोपण

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी रायपुर स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय परिसर में 12 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्ष मित्र अवधारणा के तहत ''पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, इस दुनिया को सुंदर बनाओ'' पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री आरबी त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता श्री आईएल देवांगन सहित अन्य सभी अधिकारी-कर्मचारीगण एवं तकनीकी प्रशिक्षु बैंच क्रमांक 161वां के सभी प्रशिक्षुओं ने उपस्थित होकर वृक्षमित्र अभियान में अपनी भागीदारी दी। पौधरोपण के तहत पारिजात, गुलमोहर, जामुन आदि के 50 पौधों का रोपण किया गया।

# दुर्ग क्षेत्र में पौधरोपण

हरियर छत्तीसगढ़ अभियान योजना के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा 10 उपकेंद्रों सहित विभिन्न स्थानों पर लगभग 1100 फलदार पौधे लगाए गए। दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर के नेतृत्व में सोमनी, हुडको, चंद्रखुरी, अंडा, झोला, ननकट्ठी, धमधा, लिटिया, हिर्री एवं नगपुरा उपकेंद्र सहित अन्य कार्यालय परिसरों में फलदार पौधों का रोपन किया गया।

इस अवसर पर श्री कंवर ने कहा कि पौधे हमें प्राणवायु देते है, हमें इन्हें अपनी संतान की तरह पालना चाहिए। अधीक्षण अभियंता श्री हर्ष कुमार मेश्राम ने कहा कि प्रदेश को हरा-भरा बनाएं रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसका निर्वहन कर नये उपकेंद्रों में वृक्षारोपन किया जाएगा। वृक्षारोपन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विभिन्न वितरण केंद्रों के लाइन मैन ने अपनी सहभागिता दी।



# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी रायपुर स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय परिसर में वितरण कंपनी एवं रेडक्रास सोसायटी द्वारा 26 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडक्रास सोसायटी के प्रभारी डॉ. बघेल ने रक्तदान को महादान बताया। रक्तदान से पूर्व हिमोग्लोबीन तथा अन्य संबंधित टेस्ट किये गये। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षुओं सहित 19 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अभियंता श्री ए.एन. भट्टाचार्य द्वारा किया गया।



।। रक्तदान-महादान ।।

# दुर्ग जिले के चार विद्युत उपकेंद्रों में 01 करोड़ 15 लाख की लागत से पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए सब ट्रांसमिशन नार्मल (एस.टी.एन.) योजना के तहत 01 करोड़ 15 लाख की लागत से दुर्ग जिले के चार विद्युत उपकेंद्रों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने एवं पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य किया गया। दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र अहिवारा एवं लिटिया तथा पाटन ब्लॉक स्थित विद्युत उपकेंद्र जामगांव (आर) में 3.15 एम.व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कर 05 एम.व्ही.ए. क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए गए एवं जिले के धमधा ब्लॉक स्थित दारगांव विद्युत उपकेंद्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया। वितरण कंपनी द्वारा आगामी दो वर्षों के भीतर प्रदेश के सभी ग्रामों तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसे अर्जित करने विद्युतीकृत ग्रामों में समुचित वोल्टेज पर बिजली आपूर्ति करने नए सबस्टेशनों का निर्माण तथा स्थापित ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की जा रही है।

इस संबंध में कार्यपालन अभियंता (परियोजना) श्री पी.व्ही. सजीव ने बताया कि पॉवर ट्रांसफार्मरों में क्षमता वृद्धि से अहिवारा उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अहेरी, बागडुमर, सेमरिया, पोटिया, मेड़ेसरा एवं ग्राम अहिवारा तथा दारगांव उपकेंद्र के अंतर्गत ग्राम दारगांव, मोहरेंगा, कोकड़ी, धौराभांठा, कन्दई, ठेंगाभाट, हल्दी, खजरी, मोहलई एवं ग्राम राहटादाह के रहवासी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इसी तरह उपकेंद्र लिटिया के अंतर्गत ग्राम लिटिया, सेमरिया, अरसी, सुखरीखुर्द, देउरकोना, कोकड़ी एवं ग्राम जोगीगुफा तथा उपकेंद्र जामगांव (आर) के अंतर्गत ग्राम बटरेल, बोरवाय, बासिन, खोला, रिवागहन (अ), रिवागहन (ब), किकिरमेटा, अरकार, अगेसरा, जरवाय, मासूल एवं ग्राम कुथरेल के उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने कार्यपालन अभियंता (परियोजना), श्री पी.व्ही. सजीव एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए बताया कि एस.टी.एन. योजना के अंतर्गत 2016 से अब तक दुर्ग विद्युत क्षेत्र जिसमें दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिला शामिल है, में 12 नये सबस्टेशनों की स्थापना, 17 अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर एवं 10 पॉवर ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया जा चुका है।



## कंबल

बहुत सम्पन्न पुरूष थे ज्ञानदेव जी लेकिन उतने ही दयालु प्रकृति के भी। गरीबों को दुख दर्द समझने वाले तथा उनके प्रति सहानुभूति रखने वाले बहुत ही सज्जन व्यक्ति। अर्धरात्रि का समय था कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। एक फुटपाथ के किनारे उनकी गाड़ी आकर खड़ी हो गई। फुटपाथ पर कुछ अत्यंत गरीब लोग फटे पुराने कपड़ों को ओढ़ कर ठंड से बचने का प्रयास करते हुए सो रहे थे। ज्ञानदेवजी ने गाड़ी में से कुछ कंबल निकाले तथा वे उन लोगों को एक एक कर ओढ़ाने लगे। जैसे ही वे इस पुण्य कार्य को समाप्त कर के जाने लगे उन्हें फुटपाथ के एक कोने से एक अत्यंत वृद्ध व्यक्ति उनकी ओर आता दिखाई दिया। अपने पास आखिरी बचे कम्बल को उस वृद्ध को देकर वे चले गए। वृद्ध व्यक्ति उनको भरपूर दुआएं देता रहा। दूसरे दिन सुबह होते ही उनके नौकर ने उन्हें सूचना दी कि एक वृद्ध व्यक्ति उनसे मिलना चाहता है। बाहर आकर उन्होंने देखा कि रात्रि में जिस व्यक्ति को वे कम्बल देकर आए थे वहीं खड़ा था। उनको देखते ही वृद्ध व्यक्ति कम्बल उनके पैरों में रख कर कहने लगा - 'साहब आप अपना यह कम्बर वापस ले लीजिये। इसके कारण मैं और मेरी बुढ़िया रात भर सो नहीं पाए'। ज्ञानदेवजी ने आश्चर्य से पूछा, क्यों मैं कुछ समझा नहीं। वृद्ध बोला रात भर मेरी कम्बल मुझे ओढ़ाती रही तुम्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता है और में उसे क्योंकि उसे बुखार था। बस यही चलता रहा। इसी बात पर हम झगड़ते रहे। सारे फसाद की जड़ यह एक कम्बल ही था। यदि यह नहीं होगा तो हम पहले की तरह ही प्रेम से रहते रहेंगे। यह कहकर वह वापस जाने लगा। ज्ञानदेव जी ने उसको रोक कर अपने नौकर से धीरे से कुछ कहा। थोड़ी देर में जब नौकर वापस आया तो उसके हाथ में एक कम्बल और था।

# सभी ई-पेमेंट सुविधाओं द्वारा बिजली बिलों का भुगतान

### मोबाइल-बी.पी.नंबर लिंक होने पर मिलेगी विद्युत विषयक सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में अधिकाधिक लेटेस्ट टेक्नालाजी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे उपभोक्तागण अब नये कनेक्शन विद्युत देयकों के भुगतान तथा बिजली संबंधी शिकायत-निवारण के कार्य घर बैठे आनलाइन कर सकते है। इसी तरह उपभोक्तागण अपने बी.पी.नंबर से मोबाइल नंबर को लिंक करके विद्युत विषयक सूचनाओं के यथासमय प्राप्त कर सकते है।

उपभोक्ताओं की सेवा सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में की गई अभिनव पहल की गई है। विद्युत देयकों के भुगतान को और अधिक सरल बनाते हुये डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा वर्तमान में मौजूद सभी ई-पेमेंट सुविधाओं के माध्यम से ई-पेमेंट करने का लाभ प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिलने लगा है। उपभोक्तागण अपने विद्युत देयकों का भुगतान अब उपलब्ध समस्त ई-पेमेंट सुविधाओं जैसे यू.पी.आई, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पेटीएम, पीओएस मशीन के अलावा विभिन्न वैलेट प्रणाली का उपयोग कर सहजता से कर सकते है। विभिन्न वैलेट प्रणाली के अन्तर्गत फ्रीचार्ज, मोबीक्विक, एअरटेल मनी, जियो मनी, वोडाफोन एम पैसा का उपयोग कर कर सकते है।

उपभोक्तागण अपने मोबाइल नंबर को अपने बी.पी. नंबर से लिंक कराकर पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा समय-समय पर जारी सूचनाओं को भी प्राप्त कर सकते है। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर बी.पी. नंबर से लिंक होंगे उन्हें कंपनी द्वारा दी जाने वाली एस.एम.एस. सेवा के माध्यम से विद्युत देयक, देयक का भुगतान, विद्युत अवरोध आदि की सूचना यथासमय प्राप्त हो जाती है।

# कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह में विदाई




कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह से अगस्त 2017 में सेवानिवृतजनों को मुख्य अभियंता श्री आर.एस. ठाकुर एवं मुख्य अभियंता प्रशिक्षण श्री एस.के. बंजारा ने अधिकारी एवं कर्मचारी सहित दस विद्युत कर्मी सेवानिवृत्तजनों को प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी, सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया। सेवानिवृतजनों में श्रीमती अनिता बत्रा, मंगल प्रसाद पटनायक, चन्द्रशेखर रामचन्द्र फनसालकर, सिलबानुस एक्का, जोसेफ तिग्गा, एम.ए. अंसारी, एम.एल. केरकेट्टा, बी.बी.डी. जायसवाल, के.व्ही.एस.एन. मूर्ती, मोहम्मद असलम शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एम.एस. ठाकुर ने कहा कि हमारे ये सभी कर्मी अनुभवी एवं कर्मठ रहे हैं। संचालन के क्षेत्र में कहा कि दोनों अधीक्षण अभियंता का सेवानिवृत्त होना हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। हम सेवानिवृत्त कर्मियों के दीर्घ सेवा अनुभव से वंचित हो रहे हैं। उन्होने सभी कर्मियों को सेवानिवृत्त पर शुभकामनाएँ एवं बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की कामना की । श्री बंजारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को आधार स्तम्भ बताते हुये कहा कि दिन-ब-दिन हमारे अनुभवी लोग जा रहे है हमे उनके सानिध्य में रहकर कार्य करने वालो को ऊंचा मनोबल के साथ कार्य करना होगा । उन्होंने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की सेवानिवृत्त हो रहे श्रीमती अनिता बत्रा, श्री एम.एल. केरकेट्टा, श्री बी.बी.डी. जायसवाल, एवं श्री के.व्ही. एस.एन. मूर्ती,ने अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभवों का उल्लेख कि संयंत्र का आभार माना। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्री घुले अधी. अभियंता तथा संचालन श्री एस.पी. बारले वरि. कल्याण अधिकारी ने किया।

# लालच और पतन

एक व्यक्ति पशु-पक्षियों का व्यापार करता था। एक दिन उसे पता चला कि उसके गुरू को पशु पक्षियों की बोली की समझ है। उसने सोचा कि यदि उनसे भी यह विद्या मिल जाए तो वह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

वह अपने गुरू के पास जाकर उनकी सेवा करने लगा, साथ ही उनसे पशु पक्षियों की बोली सिखाने का आग्रह भी करने लगा। गुरू ने उसे यह विद्या सिखा दी पर यह भी चेतावनी दी कि वह अधिक लोभ न करे और अपने फायदे के लिए किसी का नुकसान न करे। घर लौटने पर उस व्यक्ति ने अपने दो कबूतरों को बात करते सुना कि उसके घोड़े को कोई अंदरूनी बीमारी हो गई है और वह एक दो दिन में मर जाएगा। उस व्यक्ति ने तत्काल उसे अच्छे दाम पर बेच दिया। उसे पता कि वास्तव में एक दो दिन के बाद घोड़ा मर गया।

अब उसे यकीन हो गया कि पशु पक्षी एक दूसरे के बारे में अच्छी तरह जानते है । एक दिन उसने अपने कुत्ते को कहते सुना कि उसकी सारी मुर्गियां किसी महामारी से मरने वाली है। उसने तुरंत सारी मुर्गियां इकट्ठी की और बाजार में बेच आया। बाद में उसे पता चला कि शहर में किसी बीमारी से एक एक करके सारी मुर्गियां मरती जा रही है। उसे प्रसन्नता हुई कि वह नुकसान से बच गया। कुछ दिनों बाद उसने अपनी बिल्ली को कहते सुना कि उनका कुछ ही दिनों का मेहमान है। उसे इस पर विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब उसके गधे ने भी यही बात दोहराई तो वह घबरा गया।

वह भागा हुआ अपने गुरू के पास पहुंचा और बोला गुरूदेव मेरा अंत समय निकट है। कृपया ममुझे अंतिम घड़ी में स्मरण योग्य कोई काम बताएं, जिससे मेरी मुक्ति हो जाए।

गुरू ने कहा यदि तुम मरने वाले हो तो जाओ अपने आप को भी किसी को बेच दो। अरे मूर्ख, सिद्धियां न किसी की हुई हैं और न हो सकती है इसीलिए मैंने कहा था कि अपने लाभ और किसी के नुकसान के लिए इसका प्रयोग मत करना।

# संस्कृति महिला मंडल के नए सत्र का शुभारंभ





संस्कृति महिला मंडल बिलासपुर के नए सत्र का शुभारंभ के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी सदस्यों ने विद्युत वितरण केंद्र सेंदरी में पौधरोपण किया तथा ग्रैंड अम्बा होटल में सावन उत्सव मनाया गया। मंडल की अध्यक्षा श्रीमती मोहना नारनवरे ने सावन उत्सव के संबंध में जानकारी दी । इस अवसर पर महिलाओं ने अलग-अलग गानों में थिरकते हुए विभिन्न खेलों का आनंद लिया । कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष उषा तिवारी, सचिव वंदना तैलंग, कोषाध्यक्ष अर्चना बंछोर, संरक्षिका सरिता, माधुरी कश्यप, ज्योति भोजक, कुमुद वर्मा, रेशु, शारदा, गीता श्रीवास्तव, कल्पना घाटे, उषा, सपन, शीला, शोभना, संध्या, प्रीति रानी, रेणुका, श्रीमती खान एवं अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मौसमी धर ने किया।

## कोरबा पूर्व में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

कोरबा पूर्व में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन मुख्य अभियंता श्री आर.एस. ठाकुर तथा एस.के. बंजारा मुख्य अभियंता प्रशिक्षण के विशिष्ट आतिथ्य श्री एच.एन. कोसरिया





एवं श्री पी.के. सेलेट, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ के गरिमामय आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। संयंत्र प्रमुख एवं मुख्य अतिथि आर.एस. ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सुरक्षा निरीक्षक की अगुआई में मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। संयंत्र की सुरक्षा के लिये तैनात सुरक्षा सैनिकों ने मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी, परेड का नेतृत्व कमलेश कुमार निषाद, सुरक्षा निरीक्षक ने किया। विद्युत गृह विद्यालय के छात्राओं ने राष्ट्रीय गान एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि आर.एस. ठाकुर, प्रेरणा महिला मंडल प्रमुख श्रीमती अलका ठाकुर, अतिथिगण एवं प्रेरणा महिला मंडल के पदाधिकारियों ने एवं इस अवसर पर शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े। मुख्य अभियंता श्री ठाकुर ने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता के बाद योजनाबद्ध तरीके से पूरे देश में ऊर्जा उद्योग के क्षेत्र में तरक्की की गई है। कोरबा ताप विद्युत गृह ऊर्जा के क्षेत्र में आधार स्तम्भ की तरह है जिसने प्रदेश को ऊर्जा सम्पन्न बनाने मे अहम भूमिका निभाई है जो सबके सहयोग से सम्पन्न हो सका है। संयत्र पुराने होने के तथा उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद निरंतर विद्युत उत्पादन की ओर अग्रसर है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरबा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य अभियंता एस.के.बंजारा ने उपस्थित कर्मियों को सम्बोधित करते हुये स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। समारोह में एवार्ड कमेटी कोरबा पूर्व द्वारा विशिष्ट सेवा हेतु 23 कर्मियों को पदक प्रशस्ति एवं सभी विभागों के 101 कर्मियों को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अवार्ड कमेटी द्वारा संयंत्र के सात प्रतिभावान छात्र/छात्राओं जिन्होंने केन्द्रीय एवं छ.ग. राज्य बोर्ड की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर कंपनी का मान बढ़ाया है उन्हें नगद, पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन एस.पी. बारले, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी ने किया।

# जगदलपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह

जगदलपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस 2017 के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री जे.एस.नेताम द्वारा ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। श्री नेताम ने विद्युत कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु दृढ़ संकल्प होकर पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य संपादन का आव्हान किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 कर्मचारियों, श्री यू.के. अधिकारी, श्री रविन्द्र कुमार निषाद सहित लेखा प्रशिक्षण 78वें समूह में श्री विजय मीनपाल तथा 80वें समूह में श्री सतीश कौशिक को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।



## प्रेरणा महिला मंडल ने भक्तिभाव से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



# राजनांदगांव के पैलीमेटा क्षेत्र में 33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन ऊर्जीकृत

पैलीमेटा क्षेत्र में उत्पन्न विद्युत संबंधी समस्या को दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र की टीम ने पैलीमेटा में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन को 22 अगस्त को ऊर्जीकृत किया जिससे 30 गांवों के रहवासियों को लो-वोल्टेज व अन्य विद्युत समस्याओं से राहत मिलेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि इस नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन के ऊर्जीकृत होने से खैरागढ़ संभाग के अंतर्गत पैलीमेटा क्षेत्र के खर्रा डुमरिया, मोहगांव , दरबानटोला ,बेंगरी ,मानपुर, पहाड़ीलमरा, परसाटोला, मगरकुंड, नवापारा, खैरा, पैलीमैटा, भदेरा, जंगलपुर, सिंगारपुर, जीराटोला, गर्रा, गहिराटोला, ठाकुरटोला, आदि गांवो में लो-वोल्टेज सहित विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं सें मुक्ति मिलेगी। इस नवीन सबस्टेशन में 3.15 एम.व्ही.ए. का एक नग पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है।

उन्होंनें बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लो-वोल्टेज वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां के तकनीकी समस्याओं को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे इन क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सके। पैलीमेटा में नवीन सबस्टेशन निर्माण से लेकर ऊर्जीकृत करने में कठोर परिश्रम करने वाले अधीक्षण अभियंता श्री ए. सोनेकर, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री अशोक उमरे, पी.एस.राजू ,रंजीत घोष एवं सहायक अभियंता सर्वश्री ए.के.श्रीवास, नुरेन्द्र साहू, मुकेश साहू व उनकी पूरी टीम को बधाई प्रेषित की है।



# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में विदाई समारोह का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी रायपुर स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री एस.ए.हसन को 31 जुलाई 17 को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी ने हसनजी की कर्तव्यनिष्ठा एवं व्यवहारकुशलता की प्रशंसा करते हुए उन्हें शॉल, श्रीफल एवं कंपनी द्वारा प्रदत्त स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंताद्वय श्री आई.एल.देवांगन एवं श्रीमती मधुलिका मिंज, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एसपी सोनी, एसएन श्रीवास सहित सभी अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अभियंता श्री ए.एन.भट्टाचार्य द्वारा किया गया।



# क्षेत्रीय लेखाधिकारी कार्यालय रायपुर में विदाई समारोह

छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय क्षेत्रीय लेखाधिकारी-दो में कार्यरत श्री पूनाराम यादव, लेखाधिकारी को भावभीनी विदाई दी गई। श्री पूनाराम ने कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों को फूल एवं फलदार पौंधे भेंट कर पर्यावरण के लिए संरक्षण एवं संवर्धन का सुझाव दिया। कार्यालय परिवार ने इनके इस कथन को 'प्रकृति को दुश्मन नही दोस्त बनाइये' संकल्प को अनुकरणीय कदम मानते हुए उन्हें तुलसी का पौधा भेंट कर, विभिन्न प्रकार के धनादेश तथा शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यालय के वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री यू.एस. शुक्ला ने अभिनंदन पत्र और प्रमाण पत्र भेंट कर उनके सुखी एवं मंगलमय जीवन की कामना व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन सुरेश सिंह ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन संजय देसाई, अनुभाग अधिकारी द्वारा किया गया।



# हमारे गौरव

## कु. दीक्षा बिसेन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (क्रय एवं परियोजना) रायपुर कार्यालय में पदस्थ श्री डी.के. बिसेन, वरिष्ठ शीघ्रलेखक की पुत्री कु. दीक्षा बिसेन ने 22 वर्ष की उम्र में सी.ए. बनने का गौरव प्राप्त किया है तथा आईसीए आई (दि इंस्टीटयूट आफ चार्टड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडियन) द्वारा बैंगलोर में आयोजित प्लेसमेंट के तहत केपीएमजी कंपनी में चयन हुआ है।

केन्द्रीय विद्यालय, रायपुर की छात्रा रही कु. दीक्षा ने कक्षा दसवीं 84 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं (कामर्स-मैथ्स विषय) 83.4 प्रतिशत में उत्तीर्ण की थी, उन्होंने आर्टिकलशिप श्री प्रशांत बिसेन एंड एसोसिएट्स, रायपुर से किया। कु. दीक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित कर कड़ी मेहनत को दिया है। इस प्रकार कु. दीक्षा ने पॉवर कंपनी का नाम गौरवान्वित किया है।

**बधाई....**

## निखिल कुमार साहा



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी डीएसपीएम कोरबा पूर्व में कार्यरत श्री निहारेन्दु साहा के सुपुत्र निखिल कुमार साहा का चयन आई.आई.टी. (इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर) मेकेनिकल ब्रांच में हुआ है। निखिल ने कोरबा शहर में रहकर ही अपने प्रथम प्रयास में सफलता अर्जित किया है। निखिल बचपन से ही पढ़ाई और खेल में हमेशा अव्वल रहा है। कक्षा दसवीं में सीजीपीए 10 और इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड में बारहवीं की परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पॉवर कंपनी का नाम गौरवान्वित किया।

**बधाई...**

## राजेन्द्र दुरूगकर



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (वित्त) कार्यालय में कार्यरत राजेन्द्र दुरूगकर, वरिष्ठ शीघ्रलेखक ने कमलादेवी संगीत महाविद्यालय (खैरागढ़ विश्वविद्यालय) से गायन में वर्ष 2016-17 (मध्यमा फाइनल) में 85 प्रतिशत अंक अर्जित किया।

**बधाई....**



## आशीष

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड भिलाई के अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र :सं/ सु) वृत में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्रीमती माया आर. नायर के सुपुत्र चि. आशीष आर. नायर का आई.आई.टी. दिल्ली में बी.टेक. इलेक्ट्रीकल (पावर एण्ड ओटोमेशन) में चयन हुआ है।

प्रतिभावान आशीष का जेईई मेन्स में आल इंडिया रैंक 323 एवं जेईई एडवांस में आल इंडिया रैंक 829 था। इन्होंने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया एवं 2017 के सीजी पीईटी में स्टेट रैंक तीसरा स्थान रहा है। एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय टैलेन्ट खोज प्रतियोगिता (NTSE) में स्टेज 1 में स्टेट रैंक प्रथम था एवं द्वितीय स्टेज भी उत्तीर्ण करने पर इन्हें आगामी पीएचडी अध्ययन तक स्कालरशिप प्रदान किया जावेगा। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजनांतर्गत परीक्षा उत्तीर्ण कर आशीष ने स्कालरशिप की पात्रता भी प्राप्त की है। सीबीएसई कक्षा दसवीं में अतिउत्तम अंक व ग्रेड अर्जित किए जाने पर राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड 2016 में माननीय प्रधानमंत्री के अतिथि के रूप में आमंत्रित कर P.M. Box में सम्मानित किया गया ।

उल्लेखनीय है कि इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित साईन्स ओल्मपीयाड फाउंडेशन एवं नेशनल साईन्स टैलेन्ट परीक्षा में वर्ष 2015 में राज्य स्तर पर तथा वर्ष 2015 में आस्ट्रेलियन नेशनल केमेस्ट्री क्वींस में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

**बधाई .....**



# मंगल पांडे

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में मंगल पांडे का नाम अग्रणी योद्धाओं के रूप में लिया जाता है जिनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला से ईस्ट इंडिया कंपनी का



शासन बुरी तरह हिल गया था। मंगल पांडे ने 1857 में क्रांति का बिगुल फूंक कर भारत पर कब्जा किए बैठी गोरी हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। भारतीय इतिहास में इस घटना को '1857 का गदर' नाम दिया गया।

क्रांतिकारी मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में हुआ था। इनके पिता का नाम दिवाकर पांडे तथा माता का नाम अभय रानी था। वे कोलकाता के पास बैरकपुर की सैनिक छावनी में 34वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री की पैदल सेना के 1446 नंबर के सिपाही थे। भारत की आजादी की पहली लड़ाई अर्थात् 1857 के विद्रोह की शुरूआत उन्हीं के विद्राह से हुई। सेना की बंगाल इकाई में जब एनफील्ड पी-53 राइफल में नई किस्म के कारतूसों का इस्तेमाल शुरू हुआ तो हिन्दू और मुसलमान दोनों धर्मों के सैनिकों के मन में अंग्रेजों के खिलाफ रोष पैदा हो गया। बैरकपुर छावनी में जब बंगाल नेटिव इन्फेंट्री में सिपाहियों को गाय की चर्बी वाले कारतूस बांटे गए तो मंगल पांडे भड़क उठे। उन्होंने सार्जेंट मेजर हूसन को उनके घोड़े समेत मार गिराया।

बैरकपुर छावनी में 29 मार्च 1857 को हुई घटना ने पूरे देश में खलबली मचा दी और जहां-जहां खबर फेली वहीं फिरंगियों के खिलाफ विद्रोह शुरू हो गया। ब्रितानिया हुकूमत के खिलाफ मंगल पांडे के बगावती तेवरों ने आग में घी डालने का काम किया और मन नही मन सुलग रही क्रांति की चिनगारी ज्वाला बनकर भड़क उठी। नए कारतूस का प्रयोग अंग्रेजों के लिए घातक साबित हुआ।

देश में क्रांति की पहली लौ जलाने वाले मंगल पांडे को आठ अप्रैल 1857 को फांसी पर लटका दिया गया था। उसके बाद 21 अप्रेल को उनके सहयोग ईश्वरी प्रसाद को भी फांसी दे दी गई। इस घटना की खबर के फैलते ही देश में जगह जगह आजादी का बिगुल बज उठा।

# वर्षाकाल की एक रात




**प्रभात बख्शी**
अनुभाग अधिकारी
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., डोंगरगांव


घनघोर तिमिर में उमड़-घुमड़,
नभ में वारिद का जल प्रवाह।
अंधियारे में है, रश्मि तड़ित,
की करती उज्ज्वल प्रेमहास।

यह कैसा अदभुत प्रेम पुंज,
जिसका नित होता भाव उदय।
प्रतिपल परिवर्तित किरणों की,
चांचलता से होता संशय।

यह प्रेम मिलन की आतुरता,
या विरही मन की उर पीड़ा।
चंचलता बाल सुलभ क्षण की,
अथवा यौवन की अल्हड़ता।

नभ के विस्तृत श्यामल पट पर,
स्मित, प्रकाश की है रेखा।
आलोकित क्षण भंगुर ज्योति,
को जग ने विस्मित हो देखा।

नव परिणीता सी मृदुल हास,
दामिनी चपल करती विभोर।
कल-कल बहती जल धारा से,
उठती तरंग सरिता हिलोर।

है यही प्रकृति की कोमलता,
जिससे मिलता जीवन प्रसाद।
जागृत हो जाता है जीवन,
नित नष्ट तिरोहित जग प्रमाद।

## कुर्यात सदा मंगलम



### सुधांशु संग अंकिता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अति उच्च दाब वृत्त कार्यालय बिलासपुर में कार्यरत अनुभाग अधिकारी श्री बालकृष्ण पाठक के सुपुत्र डॉ. सुधांशु पाठक का शुभ विवाह डॉ. अंकिता सुपुत्री श्री सनद पाण्डेय के साथ 3 जुलाई, 2017 को बिलासपुर में सानंद संपन्न हुआ।

**बधाई.....**

### कमलेश संग फूलेश्वरी

छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता वृत्त कार्यालय जांजगीर में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत श्री कमलेश सिंह नेताम सुपुत्र श्री चन्दर सिंह सिदार का शुभ विवाह सौ.कां. फूलेश्वरी सुपुत्री श्री भागवत प्रसाद मरावी के साथ दिनांक 05 फरवरी 2017 को सोल्लास संपन्न हुआ।

**बधाई....**




प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक. मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है. - मुद्रक

# आईना बोलता है

> जो व्यक्ति जीवन में कभी संघर्ष से परिचित नहीं होता, इतिहास गवाह है कि वो कभी चर्चित नहीं होता



सं. - विजय मिश्रा

# वैभवशाली कैसे बनें ...

वैभवशाली बनने की चाहत हर इंसान में होती है। महान विभूतियों के साथ-साथ किसी भी क्षेत्र में सफलता का पताका फहराने वालों का इतिहास बताता है कि चाहत के साथ-साथ दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच का होना अतिआवश्यक है।

पराजय अथवा किसी भी वजह से उत्पन्न निराशा के क्षण में उत्साह की लव को अपने भीतर निरंतर जलाए रखने की क्षमता रखने वाले व्यक्ति की इच्छा और आकांक्षा अवश्य पूर्ण होती है। इस संबंध में जेम्स ऐलन की पुस्तक वैभवशाली कैसे बनें में दो व्यक्तियों के जीवन में घटित घटना को लेकर प्रभावी ढंग से उल्लेख किया गया है। उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि मैं दो व्यक्तियों को जानता था, जो प्रारम्भिक जीवन में ही गाढ़े पसीने की कमाई खो बैठे थे। उनमें से एक व्यक्ति बहुत दुखी हुआ और उसने तीव्र मानसिक पीड़ा, चिन्ता और निराशा के आगे घुटने टेक दिए। दूसरे व्यक्ति ने सवेरे ही अखबार में यह पढ़ा कि जिस बैंक में उसका रूपया जमा था वह बहुत बुरी तरह फेल हो गया है और वह सारा रूपया खो चुका है, तो उसने शांत एवं दृढ़ स्वर में कहा, अच्छा रूपया तो चला गया, अब दुखी होने और चिंता करने से वह लौटेगा नहीं, पर परिश्रम करने से वह लौट आएगा। उसने नये उत्साह से काम करना शुरू किया और जल्दी ही समृद्ध हो गया। और पहला व्यक्ति ? वह अपने धन की हानि पर शोक मनाता रहा और अपने दुर्भाग्य को कोसता रहा। इस प्रकार वह अपनी विपरीत परिस्थितियों और दुर्बल तथा दासता भरे विचारों का खिलौना बना रहा। धन की हानि एक के लिए शाप बन गई, क्योंकि उसने इस घटना को निराशा और उदासी के वस्.ओढ़ा दिए। यही घटना दूसरे के लिए वरदान बन गई, क्योंकि उसने इस घटना को बल, आशा और नये उत्साह के विचारों से समन्वित कर दिया। यदि परिस्थितियों में आशीर्वाद या वरदान देने की शक्ति होती, तो वे सभी व्यक्तियों को समान रूप से वरदान देतीं या शाप देतीं, किन्तु एक ही परिस्थिति भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के लिए भली या बुरी साबित होती है। इस तथ्य से यह सिद्ध होता है कि अच्छाई या बुराई परिस्थितियों में नहीं है, बल्कि उस व्यक्ति के मन में है जिसे वह परिस्थिति प्राप्त होती है। जब आप इसको समझना शुरू कर देंगे, तो विचारों को वश में करना, मन को अनुशासित करना, बेकार व फालतू वस्तुओं को हटाते हुए अपने भीतर को मंदिर फिर से सजाना व अंतरात्मा में केवल प्रसन्नता और शांति, बल और जीवन, दया और माया, सुन्दरता और अमरता के विचार संचित करना शुरू कर देंगे।

मयंक ऑफसेट प्रिंटर्स, कंकालीपारा, रायपुर ▪ 98271-76089, 97527-11101